
अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

मई, 2025 अंक 322



## मोहन से युगप्रधान आचार्य महाश्रमण तक...

### एक सुदीर्घ साधना गाथा

# अध्यक्षीय आह्वान

प्रिय बहिनों,

सादर जय जिनेन्द्र!

जब समय अपनी तप्त उष्णता में प्रविष्ट होता है, जब दिशाएं लू के तीव्र झोंकों से कांपती हैं, जब धरा के कण-कण में ज्वालाओं का स्पर्श होता है- तब कहीं मौन, शांत भाव से 'रोहिणी' का अवतरण होता है। 'रोहिणी'- जो अग्निवृष्टि के मध्य भी जीवन की कोमलता बोती है, जो तप्त धरती को नव अंकुरों का स्वप्न देती है।

मई मास का यह ताप मात्र ऋतुचक्र का परिवर्तन नहीं, यह साधना का आमंत्रण है, संयम का उद्घोष है। यह वह क्षण है, जहाँ जीवन भीतर से तपता है, निखरता है और सच्चे अर्थों में खिल उठता है। ऐसे ही पुण्यकाल में होता है- आचार्यश्री महाश्रमणजी का जन्मोत्सव! संयम के सूर्य, साधना के ध्रुव, करुणा के सागर- जिनकी जीवनी स्वयं धर्म की सुगंधित वाणी है, जिनकी दृष्टि में समत्व का नीला आकाश है, जिनकी साधना सम्पूर्ण मानवता के लिए आलोकदीप है। उनका जन्मोत्सव कोई तिथि नहीं, वह धर्मचेतना का महास्नान है; जहाँ आत्मा का प्रत्येक कण आस्था के नवप्रभाव में भीग जाता है।

पट्टोत्सव- गुरु परम्परा की अखंड धारा का अभिषेक! संयम के हिमालय से बहती वीतरागता की वह निःशब्द धारा, जो आत्मा को निर्भ्रम और निश्चल बनाती है।

दीक्षा दिवस- वह अनमोल क्षण, जब साधक संसार के बंधनों को त्यागकर, स्व-चेतना की दिशा में पहला दिव्य पग बढ़ाता है। आचार्यश्री का दीक्षा दिवस, जीवन के उच्चतम आदर्शों को धरती पर साकार करता है।

इसी पावन परिप्रेक्ष्य में साधना की एक और दीपशिक्षा प्रज्वलित होती है साध्वी प्रमुखाश्रीजी का चयन दिवस। उनकी साधना, उनकी तपस्या और उनकी नारी शक्ति का आलोक जगत को संयम-साधना की नई दिशाएं प्रदान करता है। उनका संयम, उस रोहिणी की भांति है, जो ताप की तीव्रता में भी श्रद्धा और सेवा के कोमल पुष्प खिलाती है।

इसी समय में नवयुग के सपनों को आकार देने हेतु 'रोहिणी भवन' के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी जा चुकी है, तो वह मात्र ईंट-पत्थरों का संयोजन नहीं, बल्कि एक साधना-संकल्प का साकार रूप है। 'रोहिणी'- जो संयम, सेवा और साधना का प्रतीक बनी, अब 'रोहिणी' के नवीन रूप में नारी शक्ति की साधना-यात्रा का संयम स्थल बनेगी। यह भवन एक तपस्विनी चेतना का सजीव प्रतीक बनेगा, जहाँ प्रत्येक ईंट श्रद्धा की होगी और प्रत्येक दीवार सेवा की।

ऐसे पुण्यकाल में, जब धरा साधना के पुष्प बिखेर रही है, जब दिशाएं संयम की सुगंध से सुवासित हो रही है- तब हम तेरापंथ की नारी शक्ति, अपने श्रद्धा-सुमन लेकर गुरु चरणों में अर्पित होते हैं। नवदीक्षा का तेज, नवभवन का संकल्प, नवनारी साधना की गाथा- सब कुछ आज गुरु चरणों में समर्पित। शत-शत वंदन, कोटिशः नमन, हे गुरुवर! तुम्हारे चरणों में हमारी नारी साधना का पूर्ण समर्पण!

शुभाकांक्षी
Sarita Daga
सरिता डागा

# अप्रमत्त साधना की अखंड ज्योति–
# साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी
## के चयन दिवस पर
# श्रद्धासिक्त अभिवंदना



चौथे प्रहर की मृदु शांति में
जब जगत सोता है अलसाया,
वह उठती है–
अप्रमत्त जागरण के दीप जलाकर।
श्वासों के मौन संगीत पर सवार,
चेतना को निर्बाध धार में प्रवाहित करती हुई,
ध्यान की अग्नि में तपाकर
मन को करती हैं शुद्ध, स्वर्णिम, निष्कलुष।
स्वाध्याय उनका व्रत है,
पढ़ना केवल शास्त्र नहीं,
जीवन के हर अनुभव को
एक खुली पुस्तक की तरह देखना–
प्रत्येक शब्द में गुरुवचन का प्रतिबिम्ब ढूंढ़ना।
गुरु के एक संकेत मात्र से,
वह स्वयं को प्रस्तुत कर देती हैं–
बिना शर्त, बिना विलम्ब, बिना किंतु–परंतु के।
उनकी दृष्टि में गुरु केवल मार्गदर्शक नहीं,
स्वयं साधना का प्रतिरूप है।
गुरु आज्ञा के आगे उनके व्यक्तिगत विचार
ओस की बूंद की तरह विलीन हो जाते हैं।
ज्ञान–साधना उनके भीतर
सरिता की तरह सतत् बहती है।
हर प्रश्न का स्वागत,
हर शंका का आत्ममंथन,
हर उत्तर का विनम्र स्वीकार।
श्रवण, मनन और चिंतन की त्रयी में
रचती हैं वह एक अंतर्ध्वनि–
जो केवल सुनने के लिए नहीं,
जीने के लिए होती है।

आचार उनका मौन गुरु है,
व्यवहार उनका प्रत्यक्ष संदेश।
वाणी में मृदुता, दृष्टि में करुणा,
चरणों में संकल्प का भार।
गुरुदेव तुलसी की दीक्षा का तेज,
महाप्रज्ञ के तपश्चरण की सुगंध,
महाश्रमण के दृढ़ अनुशासन की आभा
शासन माता के संस्कारों की प्रभा–
सब समाहित हैं उनके मौन व्यक्तित्व में।
वह चलती हैं–
जैसे समय की धारा के पार
एक स्थिर दीपशिखा।
उनकी उपस्थिति स्वयं एक व्रत है–
जहाँ शब्दों की आवश्यकता नहीं,
केवल स्पंदन ही संप्रेषण है।
साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा–
न केवल एक साध्वी का नाम,
वरन् एक अनवरत, अप्रमत्त साधना का प्रतीक।
उनके भीतर जलती है–
संयम, साधना और समर्पण की अखंड ज्योति।
और वह ज्योति,
हमें भी आमंत्रित करती है–
अपने भीतर के अंधकार को पहचानने,
अपने भीतर एक दीप जलाने।

श्रद्धा - समर्पण
**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

# प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष
# मई माह में करणीय कार्य
## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर
### कार्यशाला - 'मातृत्व'

**विषय : मातृत्व है एक वरदान- रखना हर हाल में इसका ध्यान**

**ध्यान रखना क्यों है जरूरी ?**

1. त्रिशला की कोख नहीं होती तो महावीर न होते।
2. कोख एक मंदिर है, ये धारणा ही दिव्य संतान के जन्म का आधार बनती है।
3. तीन महीने पहले के शुक्राणु गर्भ धारण में काम करते हैं।
4. जरूरी है **couple** शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहे।
5. गर्भ धारण के समय माता-पिता दोनों का प्रसन्न होना आवश्यक है।
6. विवाह पूर्व 'गर्भ संस्कार प्रशिक्षण' (युवक और युवती) दोनों के लिए जरूरी है।
7. विशेष खान-पान, प्राणायाम के साथ हो समुचित श्रम का नियोजन और उसमें हो मंगल भावनाओं का सम्प्रेषण- तभी होता है माता-पिता और अजन्मे बच्चे के बीच दिव्य कनेक्शन।

**कार्यशाला प्रारूप - 90 मिनट**

- स्वागत वक्तव्य - 03 मिनट
- कार्यशाला के आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश- 05 मिनट
- विषय पर प्रशिक्षण- चारित्रात्मा अथवा वरिष्ठ अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा - 15 मिनट

1. विषय : **Motherhood Journey - Emotional Wellness**
   मातृत्व यात्रा- आध्यात्मिक उत्थान के साथ
2. विषय : **Nutritional harmony for devine child**
   (गर्भकाल में कैसा हो खान-पान)
   विषय पर प्रशिक्षण - 20 मिनट
   नैचुरोपैथी अथवा आयुर्वेदिक डॉक्टर द्वारा
   * जिज्ञासा समाधान - 10 मिनट
3. प्रायोगिक प्रशिक्षण -
   (A) पूर्व तैयारी - 03 मिनट
   (B) महाप्राण ध्वनि- 10 मिनट - 21 बार
   (पिच्यूटरी और पीनियल ग्लैण्ड को **active**करते हुए - ध्यान की गहराई में उतरने के लिए)।
   ( C ) दीर्घ श्वास प्रेक्षा प्रयोग - 05 मिनट (प्राण शक्ति बढ़ाने एवं **Balance** के लिए)

- नौ मंगल भावना प्रयोग - श्वास के साथ 10 मिनट
- (ये प्रयोग गर्भस्थ शिशु के संस्कारों के निर्माण में शक्तिशाली प्रयोग है)।
- संचालन - 05 मिनट
- धन्यवाद - 02 मिनट

**विशेष ध्यातव्य :**

- जिन क्षेत्रों में चारित्रात्मा-अनुभवी शिक्षक, डॉक्टर आदि उपलब्ध नहीं है वो क्षेत्र प्रेक्षा प्रवाह में उपलब्ध **recording** का प्रयोग कर सकते हैं।
- ध्यान के प्रयोग प्रेक्षा प्रशिक्षक के द्वारा ही कराये जाए।
- गर्भस्थ शिशु तक **positive message** पहुँचाने का यह **basic** और प्रभावी **process** है।
- प्रभावी परिणामों के लिए गर्भ धारण से पूर्व और पूरे गर्भकाल में निरन्तर अभ्यास आवश्यक व अपेक्षित है।
- माता-पिता व संतान सभी उच्च स्तरीय **Spritual energy** से आप्लावित हो और हमारे परिवारों में संतोष, शांति एवं सुकून की मुस्कान सजे- मंगल कामना, मंगल भावना-

-संयोजिका श्रीमती वीणा बैद, 9448063260

करणीय कार्य

## वैशाख माह

# गुरु भक्ति का त्रिवेणी संगम

## जन्मोत्सव साधना

**6 मई 2025**

"आओ हम जीना सीखें" पुस्तक का स्वाध्याय करें।
(गुरुवाणी के प्रकाश से जीवन को आलोकित करें।)

## पट्टोत्सव साधना

**7 मई 2025**

एकाशन तपस्या करें।
(संयम और साधना का अनुपम उपहार।)

## दीक्षा दिवस साधना

**11 मई 2025**

2 घंटे का मौन व्रत साधें।
(अंतर्मुखी होकर आत्मचिंतन करें।)

हमारी साधना - गुरु समर्पण का सच्चा उत्सव
गुरु प्रेरणा से भीतर का प्रकाश जगाएँ, साधना से जीवन को महकाएँ

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

संयोजिका : श्रीमती कविता आच्छा– 9550118181

# तेरापंथ कन्या मंडल
# करणीय कार्य

स्नेहिल कन्याओं,

सादर जयजिनेन्द्र!

परम हर्ष का विषय है कि मई माह में परमपूज्य युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी का जन्म दिवस, दीक्षा दिवस एवं पदाभिषेक दिवस आ रहा है। यह अवसर है साधना, श्रद्धा समर्पण का। हो जाए सभी तैयार, करने आराध्य का सत्कार।।

1. अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं कन्या मंडल द्वारा आचार्यश्री महाश्रमणजी के जीवन दर्शन से संबंधित संकलन नंदीघोष– 'महाश्रमण की महागाथा' पुस्तक पर आधारित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी महिलाओं एवं कन्याओं को अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवानी है।
2. कन्याओं को 'नंदीघोषः महाश्रमण की महागाथा' पुस्तक में संकलित विभिन्न विषयों में से किसी एक विषय का चयन कर, उस पर अपनी स्वरचित भावाव्यक्ति कविता, गीतिका, मुक्तक, सोरठा आदि के माध्यम से करनी है, जिनकी भाषा हिंदी, राजस्थानी (मारवाड़ी) और संस्कृत हो सकती है। सर्वश्रेष्ठ चयनित कृतियों को अधिवेशन के दौरान प्रस्तुत एवं पुरस्कृत करने का अवसर देने का प्रयास रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए संयोजिका से सम्पर्क करें– मिनल बच्छावत, 8817687415.

## SPIRITUAL ENHANCEMENT PROGRAM

* साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी द्वारा निर्दिष्ट "SEP" में आप सभी कन्याओं, क्षेत्रों ने जो जागृति दिखाई है, इसके लिए आप सभी साधुवाद के पात्र हैं किन्तु अभी तक जो क्षेत्र इस कार्य से नहीं जुड़े हैं,उन्हें इस माह में इस प्रोग्राम में अवश्य जुड़ना है क्योंकि आपके मूल्यांकन का यह एक आवश्यक बिन्दु रहेगा।
* मई माह के करणीय कार्य में इस अभियान को और गति देनी है।
* आपके द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी एवं सम्पूर्ण डेटा राष्ट्रीय कन्या मंडल प्रभारी (श्रीमती अदिति सेखानी) को अतिशीघ्र प्रेषित करें।

---

# राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025– अहमदाबाद में

आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025 को अहमदाबाद में समायोजित है। अपने जीवन के उच्च निर्माण में एक कदम और आगे बढ़ें, इसी शुभ भावना के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल तेरापंथी कन्याओं को कन्या अधिवेशन में आमंत्रित करता है। अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में संभागी बन इसे ऐतिहासिक बनाएं।

### कन्या अधिवेशन हेतु ध्यातव्य बिन्दु

* बड़े क्षेत्रों से अधिकतम 5 एवं छोटे क्षेत्रों से अधिकतम 4 कन्याएं ही भाग ले सकती हैं।
* प्रत्येक क्षेत्र से कन्या मंडल प्रभारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### संभागियों हेतु ध्यानार्थ

1. अधिवेशन हेतु पंजीकरण 4 अगस्त, 2025 प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होगा।
2. शुल्क प्रति संभागी : रु. 1100
3. अपना मान्यता पत्र अवश्य साथ लेकर पधारें।
4. प्रत्येक कन्या मंडल के साथ उसकी संयोजिका एवं सह संयोजिका की उपस्थिति अनिवार्य है।
5. सम्पूर्ण अधिवेशन में कन्याओं को कन्या मंडल की यूनिफॉर्म में तथा कन्या मंडल प्रभारी को महिला मंडल की यूनिफॉर्म में रहना अनिवार्य है।
7. ओढ़ने–बिछाने का सामान एवं सामायिक उपकरण साथ लेकर पधारें।
8. 6 अगस्त, 2025 को मध्याह्न 12 बजे पश्चात अहमदाबाद प्रवास स्थल से अपने प्रस्थान का कार्यक्रम सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :

कन्या मंडल प्रभारी – श्रीमती अदिति सेखानी, 9909024763

कन्या मंडल सह प्रभारी – श्रीमती सोनम बागरेचा, 9007911111

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय टीम ने आध्यात्मिक पर्यवेक्षक 'शासन गौरव साध्वीश्री कल्पलताजी' से प्राप्त किया आध्यात्मिक मार्गदर्शन, ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया ने करवाए प्रेक्षाध्यान के प्रयोग







## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के सत्र 2023-2025 की षष्ठ कार्यसमिति की बैठक का 17 अप्रैल, 2025 को लाडनूं में हुआ आयोजन








# शाखा मंडल हेतु विशेष ध्यानार्थ

समस्त शाखा मंडल स्थानीय स्तर पर 15 जून, 2025 से 15 जुलाई, 2025 के मध्य अधिवेशन आयोजित कर चुनाव/मनाव सम्पन्न अवश्य कराएं। चुनाव/मनाव की प्रक्रिया पूर्णतया संवैधानिक हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

**चुनाव/मनाव के लिए आवश्यक नियम**

* साधारण सभा की रूपरेखा एक माह पूर्व कार्यसमिति की मीटिंग में निर्धारित की जाए जिसमें साधारण सभा हेतु दिनांक, स्थान, समय, एजेंडा व बजट पारित करवाया जाए। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कार्यसमिति की मीटिंग में ही की जाए।
* अध्यक्ष के चुनाव से पहले कार्यसमिति द्वारा एक मुख्य चुनाव अधिकारी और दो सहयोगी अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। (501 से अधिक सदस्यों वाले मंडल चुनाव समिति का गठन करेंगे। शेष मंडल सिर्फ चुनाव अधिकारी की ही नियुक्ति करेंगे)।
* आय-व्यय का ब्यौरा पहले कार्यसमिति की मीटिंग में रखा जाए बाद में ही साधारण सभा में रखा जाए।
* साधारण सदन की बैठक का कोरम कम से कम एक तिहाई (1/3) स्थानीय मंडल के सदस्यों का होगा। कोरम के अभाव में स्थगित बैठक उसी दिन उसी स्थान पर पूर्व सूचना के साथ आधा घंटा पश्चात प्रारम्भ हो सकेगी। जिसका कोरम कुल सदस्य संख्या का एक चौथाई (1/4) सदस्य अथवा 51 सदस्य जो भी कम हो, रहेगा।
* साधारण सभा के लिए कम से कम 15 दिन पूर्व सभी सदस्यों को अनिवार्यतः सूचना दी जाए जिसमें बैठक की तारीख, स्थान, समय व एजेंडा का उल्लेख हो (प्रारूप रजिस्टर में उपलब्ध)। यह सूचना प्रत्येक सदस्य को निजी तौर पर पोस्ट, कोरियर, ईमेल या व्हाट्सएप्प के माध्यम से प्रेषित की जाए।
* अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की उम्र कम से कम 35 वर्ष व अधिकतम 65 वर्ष हो सकती है।
* नामांकन पत्र के एक प्रस्तावक व पाँच अनुमोदक तथा उम्मीदवार के हस्ताक्षर होना जरूरी है (प्रारूप रजिस्टर में उपलब्ध)।
* कोई भी सदस्य एक ही उम्मीदवार का प्रस्तावक-अनुमोदक बन सकता है।
* अध्यक्ष पद हेतु न्यूनतम तीन पूर्ण कार्यकाल (छह वर्ष) साथ में न्यूनतम एक कार्यकाल पदाधिकारी का।
* उपाध्यक्ष, मंत्री, सहमंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रचार-प्रसार मंत्री एवं संगठन मंत्री के लिए न्यूनतम दो पूर्ण कार्यकाल (चार वर्ष) कार्यसमिति सदस्य के रूप में।
* पूर्ण भरा हुआ नामांकन पत्र साधारण सदन प्रारम्भ के 24 घंटे पूर्व चुनाव अधिकारी/मंडल कार्यालय में जमा हो जाने चाहिए।
* उम्मीदवार चुनाव से पूर्व तक अपना नाम वापस ले सकता है।
* अध्यक्षीय निर्वाचन हेतु प्रयास मनाव का ही करें। मतदान की स्थिति में चुनाव प्रणाली गुप्त तरीके से ही की जाए।
* यदि अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित दिनांक तक किसी नाम का प्रस्ताव नहीं आया हो तो चुनाव अधिकारी चालू बैठक में अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव माँग कर सर्वसम्मति अथवा बहुमत के आधार पर चुनाव करा दें। ऐसी स्थिति में भी चुनाव अधिकारी उम्मीदवार का नामांकन अवश्य भरवाए।
* मंडल के सदस्य ही साधारण सदस्य में सहभागिता दर्ज करा सकते हैं।
* चुनाव से पूर्व अध्यक्ष अपनी कार्यसमिति टीम सहित पद विसर्जन करे।
* सत्र 2025-2027 हेतु नई कार्यसमिति का गठन कर अध्यक्ष एवं मंत्री के नाम, पते एवं मोबाइल नं. सहित सूचना सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, मो- 9876933133 को अतिशीघ्र प्रेषित करें।

| क्र.सं. | साधारण सदस्य संख्या | कार्यसमिति सदस्य | परामर्शक | संरक्षिका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13 से 24 सदस्य | 5 (अध्यक्ष सहित) | नहीं | 1 |
| 2. | 25 से 50 सदस्य | 7 (अध्यक्ष के अलावा) | 1 | 2 |
| 3. | 51 से 100 सदस्य | 11 से 13 (अध्यक्ष के अलावा) | 2 | 3 |
| 4. | 101 से 200 सदस्य | 15 से 17 (अध्यक्ष के अलावा) | 3 | 3 |
| 5. | 201 से 300 सदस्य | 21 (अध्यक्ष के अलावा) | 3 | 3 |
| 6. | 301 से 500 सदस्य | 25 से 31 (अध्यक्ष के अलावा) | 4 | 4 |
| 7. | 501 से 1000 सदस्य | 41 (अध्यक्ष के अलावा) | 5 | 5 |
| 8. | 1001 से अधिक सदस्य | 51 (अध्यक्ष के अलावा) | 7 | 7 |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के केन्द्रीय कार्यालय 'रोहिणी' के नवनिर्वाण का शिलान्यास समारोह




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के केन्द्रीय कार्यालय 'रोहिणी' के नव निर्माण हेतु जैन संस्कार विधि से शिलान्यास समारोह जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित हुआ। जैन संस्कारक के रूप में श्री मर्यादा जी कोठारी एवं श्री अविनाश जी नाहर ने भूमि पूजन की विधि ट्रस्टी श्रीमती आरती कठोतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल द्वारा विधि सुसम्पन्न करवाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने इस शुभ अवसर पर गुरु चरणों में कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने विचारों की प्रस्तुति दी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा एवं रा.का.स. श्रीमती ममता रांका, श्रीमती निर्मला छाजेड़, श्रीमती प्रीति घोसल, श्रीमती अलका बैद के साथ लाडनूं महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुमन बैद, मंत्री श्रीमती राज कोचर के साथ कार्यसमिति की बहिनों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर जैन विश्व भारती के परिसर संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष श्री धर्मचंद लूंकड़, जैन विश्व भारती संस्थान के कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़, श्री दौलत डागा– जयपुर, श्री प्रवीण ओस्तवाल– भीलवाड़ा एवं श्री माणकचंद नाहटा– कोलकाता, श्री राजेन्द्र खटेड़– लाडनूं एवं नगर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को गरिमा प्रदान की। शिलान्यास समारोह की व्यवस्थाओं में जैन विश्व भारती का विशेष सहयोग रहा।






# राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय वाद विवाद प्रतियोगिता 'मंथन' का दूसरा चरण राज्य स्तरीय **Zoom** पर (ऑनलाइन **mode**) आयोजित किया गया। छह दिन तक चली इस प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के 16 राज्यों के लगभग 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसकी संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नतः है–

**5 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– कर्नाटक, छत्तीसगढ़

संभागी प्रतिभागी संख्या– 20

शुभकामना संदेश– श्रीमती पुष्पा बैंगानी, चीफ ट्रस्टी–अभातेमम.

निर्णायकगण :

1. डॉ. जुगल किशोर दाधीच, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिहार
2. डॉ. दीपक राजगुरु, प्रसिद्ध शिक्षाविद, सूरत

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती सीमा बैद, रा.का.स.–अभातेमम.

**6 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और नेपाल

संभागी प्रतिभागी संख्या– 24

शुभकामना संदेश– श्रीमती सरिता डागा, राष्ट्रीय अध्यक्ष–अभातेमम.

निर्णायकगण–

1. डॉ. अभिषेक चारण, जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं
2. डॉ. पापिया गनराई, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स.– अभातेमम.

संचालन– श्रीमती निधि सेखानी, सहमंत्री, अभातेमम.

**7 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश

संभागी प्रतिभागी संख्या– 22

शुभकामना संदेश– श्रीमती नीतू ओस्तवाल, महामंत्री–अभातेमम.

निर्णायकगण–

1. डॉ. शकुंतला दर्जी, महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय, जयपुर
2. डॉ. अभय विक्रम सिंह, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती मीना ओस्तवाल, रा.का.स.– अभातेमम.

संचालन– श्रीमती वर्षा लूणिया, रा.का.स.– अभातेमम.

**8 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– महाराष्ट्र

संभागी प्रतिभागी संख्या– 24

शुभकामना संदेश– श्रीमती सुमन नाहटा, उपाध्यक्ष–अभातेमम.

निर्णायकगण–

1. डॉ. रीताबेन फुलवाला, सूरत
2. डॉ. कल्याणी हजारी, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती सुचित्रा छाजेड़, रा.का.स.– अभातेमम.

संचालन– श्रीमती सरिता बरलोटा, प्रचार-प्रसार मंत्री–अभातेमम.

**9 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– राजस्थान

संभागी प्रतिभागी संख्या– 22

शुभकामना संदेश– श्रीमती पुष्पा बैद, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अभातेमम.

निर्णायकगण–

1. डॉ. लक्ष्मी राठौड़, पाली
2. समखिय पांडा, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती कविता आच्छा, रा.का.स.– अभातेमम.

संचालन– श्रीमती नीलिमा बैद, रा.का.स., अभातेमम.

**10 अप्रैल, 2025**

संभागी राज्य– बिहार, असम, उड़ीसा

संभागी प्रतिभागी संख्या– 26

शुभकामना संदेश– श्रीमती नीलम सेठिया, निवर्तमान अध्यक्ष– अभातेमम.

निर्णायकगण–

1. डॉ. अल्पिका त्रिपाठी, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सूरत
2. डॉ. हर्षिता जैन, भगवान महावीर विश्वविद्यालय, सूरत

निर्णायक परिचय एवं टाइमर– श्रीमती संगीता चपलोत, रा.का.स., अभातेमम.

संचालन– श्रीमती अलका मेहता, रा.का.स.– अभातेमम.

## 32 Semifinalist of National Debate Competition

1- **Astha Begwani- Araria Court (Bihar)**
2- **Alka Dheladiya- Surat (Gujarat)**
3- **Ankita Malu- East Delhi(Uttar pradesh)**
4- **Archana Surana- Gandhi Nagar- Bengaluru (Karnataka)**
5- **Bhagyashree Surya- Vasai (Mumbai-Maharashtra)**
6- **Chetana Chopra- Balotra (Rajasthan)**
7- **Garima Bothra- Alipurdwar (West Bengal)**
8- **Heena Chopra- Ahemdabad (Gujarat)**
9- **Khushboo Bhura- Mangalore (Karnataka)**
10- **Kranti Khater- Vizianagaram (Telangana /Andhra Pradesh)**
11- **Manju Baid- Ludhiana (Punjab)**
12- **Manju Bohra- Sindhnoor (Karnataka)**
13- **Mohini Kankaria- Pimpri Chinchwad (Maharashtra)**
14- **Neetu Duggar- Kandivali (Mumbai- Maharashtra)**
15- **Nidhi Kothari- Central Delhi (Uttar Pradesh)**
16- **Pallavi Sethia- South Kolkata (Bengal)**
17- **Payal Jain- Titlagarh (Odisha)**
18- **Pooja Sethiya- Lunkaransar (Rajasthan)**
19- **Pragya Golchha- Biratnagar (Nepal)**
20- **Pratibha Baid- Borivali (Mumbai- Maharashtra)**
21- **Preksha Chopra- Jaipur C.Scheme (Rajasthan)**
22- **Pragya Surana- Erode (Tamil Nadu)**
23- **Prerna Buchha- Rourkela (Odisha)**
24- **Priyanka Anchlia - Nagpur (Maharashtra)**
25- **Priyanka Bengani- Dhubri (Assam)**
26- **Priyanka Bharunt- Purvanchal (West Bengal)**
27- **Ranjana Dugar- Sambhaji Nagar (Maharashtra)**
28- **Rekha Chhajed- Vijayanagar- Bengaluru (Karnataka)**
29- **Rinku Chhajed- Malad (Mumbai Maharashtra)**
30- **Dr.Sarika Dugar- Guwahati (Aasam)**
31- **Seema Dangi- Udhna( Gujarat)**
32- **Sudha Dugar- Hyderabad (Telangana)**

**राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'मंथन' का सेमीफाइनल**
**23-24 मई, 2025 को ऑनलाइन मोड (Zoom) पर किया जाएगा।**
**सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं एवं मंगलकामना।**

कन्या विकास योजना

## कन्या सुरक्षा बैंच का लोकार्पण

**26 अप्रैल, 2025, कांकरोली।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, कांकरोली द्वारा प्रज्ञा विहार भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में 6 बैंचों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, मेवाड़ प्रभारी रा.का.स. श्रीमती उषा सिसोदिया भी सहभागी रही। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उषा कोठारी के साथ मंडल की बहिनें उपस्थित रही।

## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

### Online Workshop on Zoom- 21st-23rd April, 2025

### दिव्य संतान कार्यशाला

कोख एक मंदिर है और शिशु एक दिव्य प्रतिमा। यदि दिव्य संतान प्राप्ति की अभिलाषा है तो पूरे उपक्रम को एक अनुष्ठान मानकर साधना करनी होगी।

स्वागत वक्तव्य : राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा

कार्यशाला प्रारूप प्रकाश : प्रेक्षा प्रवाह की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती वीणा बैद

प्रशिक्षण : 21 अप्रैल, 2025 श्री के.सी. जैन ( Director of Adhyatma Sadhna Kendra) (राष्ट्रीय संयोजक, तेरापंथ कल्याण परिषद)

**Sub.: Motherhood Journey, Emotional Wellness.**

प्रयोग : दीर्घ श्वास प्रेक्षा एवं नौ मंगल भावना और महाप्राण ध्वनि श्री के.सी. जैन द्वारा

22 अप्रैल, 2025 :

विषय : **Body in balance, Yoga for Divine Child**

योगासन प्रशिक्षण : योगा थैरेपिस्ट- सुश्री लिली चेतिया (**Yoga Session for Reproductive Wellness**)

विषय : **Nutrition Harmony for Divine Child.**

प्रशिक्षण : डॉ. काजल भट्ट

दिव्य संतान प्रोग्राम को अपनाकर जो रिजल्ट प्राप्त हुए उनके जीवंत प्रमाण पूजीता संचेती व नीलू धानुका द्वारा प्रस्तुत किए गये।

23 अप्रैल, 2025 :

विषय : **From Gut to womb- A holistic guide to digestive health & concious pregnancy**

विषय प्रतिपादन : श्री के.सी. जैन

**Guide to digestive health & concious pregnancy**

**By Nutritionist Dr. Kajal Bhatt**

**Meditation for expectant mothers to connect with divine child by Shri K.C. Jain**

दिव्य संतान प्रोग्राम को अपनाकर जो रिजल्ट प्राप्त हुए उनके जीवंत प्रमाण नैन्सी गुप्ता व सिमरन अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किए गये।

कार्यशाला का महत्व एवं प्रभाव : महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल

संचालन प्रतिदिन : रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा- कोलकाता

1. दिव्य संतान से संबंधित जिज्ञासाएं एवं कार्यक्रम को बार-बार करवाने का अनुरोध काफी बड़ी संख्या में प्राप्त हुआ।
2. इस कार्यशाला में बहिनों ने अपने जीवन साथी के साथ काफी अच्छी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवायी (लगभग 300 प्रतिदिन)।
3. गूगल फॉर्म के माध्यम से **Attendance register** किए गए।
4. साधना की दृष्टि से यह कार्यशाला उन बहिनों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई जो प्रेग्नेंट है अथवा प्रेगनेंसी के लिए स्वयं को तैयार कर रही हैं।
5. इस कार्यशाला को सफल बनाने में श्री के.सी. जैन एवं अध्यात्म साधना केन्द्र का विशेष योगदान रहा।

---

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## 'जैन तत्त्व विद्या की चाबी है- पच्चीस बोल'

तत्त्व विद्या है- आत्म विद्या। तत्त्वज्ञ श्रावक सहजता से कर लेता है हर समस्या का समाधान। तत्त्व विद्या के सूक्ष्म रहस्यों के ज्ञाता युगप्रधान आचार्य प्रवर श्री महाश्रमणजी का नववर्ष पर यह संदेश- 'समाज में आए जैन विद्या का नव उन्मेण।' पच्चीस बोल सब सीखें, समझे उसका अर्थ विशेष।' जीव-अजीव पुस्तक पढ़ कर तत्त्व ज्ञान में करें प्रवेश।

बहिनों, मई माह में सभी बहिनें 16 से 21 बोल सीखने-समझने और कंठस्थ करने का लक्ष्य रखें।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में मेवाड़ स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'संरक्षणम्'




**26 अप्रैल, 2025, कांकरोली।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, कांकरोली द्वारा आचार्यश्री महाश्रमणजी की आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री रचनाश्रीजी के सान्निध्य में मेवाड़ स्तरीय संरक्षणम् कार्यशाला का आयोजन हुआ। अभातेममं. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा,मेवाड़ प्रभारी रा.का.स. श्रीमती उषा सिसोदिया, स्थानीय अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी, आयुक्त श्री बृजेश राय ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया गया।

प्रथम सत्र में सभी अतिथिगण एवं आगंतुकों का स्वागत कन्या मंडल, कांकरोली की कन्याओं द्वारा एक प्रस्तुति से किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ साध्वीश्रीजी के मुखारविंद से मंत्रोच्चार द्वारा हुआ। स्थानीय मंडल की बहिनों ने स्वागत गीत से मंगलाचरण किया। स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती उषा कोठारी ने भावभरा स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। संरक्षणम् आधारित क्रिया गीत की प्रस्तुति मंडल की बहिनों द्वारा हुई। सुंदर लघु नाटिका के माध्यम से सम्यक्त्व के महत्व को मंडल की बहिनों द्वारा प्रभावशाली ढंग से समझाया गया।




मेवाड़ स्तरीय इस कार्यशाला में साध्वीश्री रचनाश्रीजी ने सभी बहिनों को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने आज जिस ऊंचाई को प्राप्त किया है, वह गणाधिपति आचार्यश्री तुलसी की देन है। आचार्य तुलसी ने महिलाओं को संगठनात्मक रूप दे दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कार्यशाला के उद्देश्य को बताते हुए संरक्षणम् की शाब्दिक व्याख्या की। सहज एवं सरल शब्दों में उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि अपने परिवार में बच्चों को सौहार्द की भावना सिखाते हुए, छोटे-छोटे सुसंस्कार देने चाहिए। जिससे भविष्य में एक अच्छे एवं सुदृढ़ समाज का निर्माण हो सके। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने संरक्षणम् के सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं- सम्यक्त्व, संस्कृति, संस्कार, सौहार्द, सम्बन्ध, संस्था के बारे में उदाहरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मेवाड़ प्रभारी श्रीमती उषा सिसोदिया ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया व मेवाड़ के सभी शाखा मंडलों की कार्यशैली, जागरूकता एवं सजगता की सराहना भी की। उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने मंडल के संविधान के बारे में जानकारी दी एवं चुनावी वर्ष को ध्यान में रखते हुए शाखा मंडलों को चुनाव एवं मनाव प्रक्रिया के बारे में समझाया। बहिनों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।



आयुक्त श्री बृजेश राय ने तेरापंथ महिला मंडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर समाज की महिला मंडल को ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए, जिनसे उनकी नींव मजबूत बने। राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने अपने वक्तव्य में मंडल के कार्यों के प्रति अति प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रज्ञा विहार के मार्ग को आचार्य महाश्रमण मार्ग का नाम देने की घोषणा की। मेवाड़ स्तरीय इस कार्यशाला में लगभग 22 क्षेत्रों से लगभग 450 बहिनों की सहभागिता रही। कार्यशाला का कुशल संचालन श्रीमती मनीषा कच्छारा एवं श्रीमती खुशी तलेसरा ने किया।

# तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन परीक्षा परिणाम 2024

दसवैकालिक सूत्र में कहा गया है- अज्ञानी क्या करेगा? वह जानता नहीं श्रेय क्या है? पाप क्या है? वह जानता ही नहीं तो क्या करेगा? तत्त्वज्ञान और तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम के माध्यम से हमें श्रेय, हेय और पाप का ज्ञान होता है। ज्ञान चेतना समुज्ज्वल होती है। पूज्यवरों के आशीर्वाद और शासनश्री साध्वी जिनप्रभाजी के निर्देशन व अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत यह पाठ्यक्रम सुचारू व व्यवस्थित रूप से विस्तार पा रहा है। वर्ष 2024 की परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो चुका है। जिसे अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की वेबसाइट www.abtmm.org पर upload कर दिया गया है। इस वर्ष 99 परीक्षा केन्द्रों में 1339 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे, जिसमें से 1226 तत्त्वज्ञान व 113 परीक्षार्थियों ने तेरापंथ दर्शन के फॉर्म भरे। कुल 702 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें से 667 उत्तीर्ण रहे। परीक्षा परिणाम 96.5 रहा।

इस वर्ष कुल 69 तत्त्व प्रचेता और 5 तेरापंथ दर्शन प्रचेता बने। 32 चारित्रात्माओं ने भी इन परीक्षाओं में भाग लिया। चारित्रात्माओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वरीयता प्राप्त परीक्षार्थियों एवं प्रचेताओं की सूची यहाँ प्रेषित की जा रही है-

### ABTMM TT/TD Exam 2024 - Toppers List

**Tatwagyan Year I (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Rekha Lunkar | Balotara | I |
| 2. | Shweta S. Salecha | Balotara | II |
| 3. | Madhu Dugar | Silchar | III |
| 4. | Gagan Jirawala | Balotara | III |
| 5. | Heena Kankaria | Balotara | III |
| 6. | Dipika Bafna | Mumbai Ghatkoper | III |

**Tatwagyan Year II (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Rekha Choradia | Gangasahar | I |
| 2. | Alka Dugar | Jaipur C-Scheme | II |
| 3. | Pradeep Lalwani | Gangasahar | III |
| 4. | Vinita Nahata | Gangasahar | III |
| 5. | Karuna Lunker | Balotara | III |
| 6. | Babita Pugalia | Sainthia | III |

**Tatwagyan Year III (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Varsha Baid | Vijaynagar Banglore | I |
| 2. | Deepika Jain | Madurai | I |
| 3. | Trianka Nahata | Ahmedabad | II |
| 4. | Anupama Bothra | Madurai | II |
| 5. | Shweta Sekhani | Ahmedabad | III |
| 6. | Priya Banthia | Kolkata (South) | III |
| 7. | Suman Kuhar | Balotara | III |

**Tatwagyan Year IV (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Bela Baid | Ahmedabad | I |
| 2. | Pinky Sanklecha | Ahmedabad | II |
| 3. | Chandra Jeerawala | Jodhpur | II |
| 4. | Suman Surana | Surat | III |

**Tatwagyan Year V (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Hemshree Bhansali | Rourkela | I |
| 2. | Alka Sethia | Gurugram | II |
| 3. | Kavita Daga | Rourkela | II |
| 4. | Shashi Jain | Gurugram | III |

**Tatwagyan Year VI (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Anupam Gupta | Kolkata Purvanchal | I |
| 2. | Kusum Baid | Noida | I |
| 3. | Vanita Bothra | Surat | II |
| 4. | Dimple Gadiya | Chickmaglur | III |

**Terapanth Darshan Year I (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Lalita Kucheria | Vishakhapatnam | I |
| 2. | Manjula Baid | Bidasar | II |
| 3. | Bhawna Dugar | Bidasar | III |

**Terapanth Darshan Year II (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Ranju Baid | Hyderabad | I |
| 2. | Vanita Bafna | Mumbai Ghatkoper | II |
| 3. | Pankaj Lodha | Mumbai Ghatkoper | III |

**Terapanth Darshan Year III (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Asha Khabya | Ahmedabad | I |
| 2. | Chesta Surana | Aurangabad | II |
| 3. | Pawan Sethia | Jalna | III |

**Terapanth Darshan Year IV (Batch 2024)**

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Hema Dugar | Kolkata Purvanchal | I |
| 2. | Babita Tater | Kolkata Purvanchal | II |
| 3. | Leena Vaidmutha | Pali Marwar | III |

### Terapanth Darshan Year V (Batch 2024)

| Sno. | Name | Exam Centre | Position |
|---|---|---|---|
| 1. | Indira Dhing | Mumbai Bhayandar | I |
| 2. | Veena Mehta | Mumbai Vasi | II |
| 3. | Vijaya Mehta | Mumbai Vasi | III |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year I (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Maitri Yasha |
| 2. | Sadhvi Prateek Prabha |
| 3. | Sadhvi Pranav Yasha |
| 4. | Sadhvi Naveen Prabha |
| 5. | Sadhvi Naman Prabha |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year II (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Jagat Yasha |
| 2. | Sadhvi Yashasvi Prabha |
| 3. | Sadhvi Nandita Shri |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year III (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Vidhi Prabha |
| 2. | Samani Suman Pragya |
| 3. | Sadhvi Jagat Yasha |
| 4. | Sadhvi Prachi Prabha |
| 5. | Sadhvi Nandita Shri |
| 6. | Sadhvi Manas Prabha |
| 7. | Muni Agam Kumar |
| 8. | Sadhvi Daksh Prabha |
| 9. | Sadhvi Pawan Yasha |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year IV (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Vidhi Prabha |
| 2. | Sadhvi Prachi Prabha |
| 3. | Sadhvi Ramya Prabha |
| 4. | Samani Swarna Pragya |
| 5. | Sadhvi Vardhman Yasha |
| 6. | Muni Agam Kumar |
| 7. | Sadhvi Hemant Prabha |
| 8. | Sadhvi Roshni Prabha |
| 9. | Sadhvi Parmarth Prabha |
| 10. | Sadhvi Vishal Prabha |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year V (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Ratna Prabha |
| 2. | Sadhvi Kumud Prabha |
| 3. | Sadhvi Parmarth Prabha |
| 4. | Sadhvi Hemant Prabha |
| 5. | Samani Swarn Pragya |
| 6. | Sadhvi Shruti Prabha |
| 7. | Sadhvi Roshni Prabha |
| 8. | Sadhvi Pragya Prabha |
| 9. | Sadhvi Himanshu Prabha |
| 10. | Sadhvi Aditya Prabha |
| 11. | Sadhvi Avanti Prabha |

### Results Consolidated 2024 Tatwagyan Year VI (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Mahima Shri |
| 2. | Sadhvi Ratna Prabha |
| 3. | Sadhvi Kumud Prabha |
| 4. | Sadhvi Jin Yasha |
| 5. | Sadhvi Bhawit Yasha |
| 6. | Sadhvi Rajshree |
| 7. | Sadhvi Pragya Prabha |
| 8. | Sadhvi Chetan Prabha |
| 9. | Sadhvi Praphull Prabha |
| 10. | Samani Khyati Pragya |
| 11. | Sadhvi Avanti Prabha |

### Results Consolidated 2024 Terapanth Darshan Year I (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Kamya Prabha |

### Results Consolidated 2024 Terapanth Darshan Year II (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Pallav Prabha |

### Results Consolidated 2024 Terapanth Darshan Year III (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Rohini Prabha |

### Results Consolidated 2024 Terapanth Darshan Year IV (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Kamniya Prabha |
| 2. | Sadhvi Dhriti Prabha |

### Results Consolidated 2024 Terapanth Darshan Year V (Monk & Samani)

| Sno. | Name (Monk & Samani) |
|---|---|
| 1. | Sadhvi Yashasvi Prabha |

### Tatwagyan Year VI (Tatva Pracheta- 2024)

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Anupam Gupta | 8704 | 2019 | Kolkata Purvanchal |
| 2. | Kusum Baid | 8774 | 2019 | Noida |
| 3. | Vanita Bothra | 8399 | 2019 | Surat |
| 4. | Dimple Gadiya | 2504 | 2010 | Chickmaglur |
| 5. | Deepika Dhariwal | 8270 | 2019 | Banglore |
| 6. | Anju Jain | 3137 | 2011 | Kolkata (South) |
| 7. | Madalsa Baid | 7807 | 2018 | Kolkata (South) |
| 8. | Sandhya Ranka | 7753 | 2018 | Chennai |
| 9. | Mamta Mandot | 8588 | 2019 | Balotara |
| 10. | Sangeeta Bothra | 8602 | 2019 | Balotara |
| 11. | Varsha Dudheria | 6440 | 2016 | Noida |
| 12. | Suraj Bardia (Dr.) | 5789 | 2015 | Kolkata (South) |
| 13. | Binal Bafna | 8645 | 2019 | Vasai Palghar |
| 14. | Prem Sekhani | 8775 | 2019 | Noida |
| 15. | Rekha Pitaliya | 7653 | 2017 | Vijaynagar Banglore |
| 16. | Vandana Bhansali | 8751 | 2019 | Rajrajeshwari Nagar |
| 17. | Lajwanti Katrela | 7701 | 2018 | Hanumatnagar |
| 18. | Shweta Hirawat | 8717 | 2019 | South Howrah |
| 19. | Seema Dak | 8747 | 2019 | Rajrajeshwari Nagar |
| 20. | Alka Srisrimal | 8546 | 2019 | Thane City |
| 21. | Suraj A. Bohara | 6399 | 2016 | Chennai |
| 22. | Praveena Jain | 8089 | 2018 | Mumbai Kalbadevi |
| 23. | Jaimala Lalwani | 8140 | 2018 | Vishakhapatnam |
| 24. | Asha Dungarwal | 8753 | 2019 | Salem |
| 25. | Rekha Dugar | 5978 | 2015 | Thane City |
| 26. | Archana Surana | 8268 | 2019 | Banglore |
| 27. | Pushpa Jain | 8711 | 2019 | Uttar Howrah |
| 28. | Neeta Talesara | 8657 | 2019 | Nathdwara |
| 29. | Shreya Bafna | 4751 | 2013 | Udhna |
| 30. | Kanchan Chhajer | 8218 | 2018 | Rajrajeshwari Nagar |
| 31. | Manisha Baid | 7838 | 2018 | Surat |
| 32. | Sanjana Sethia | 8004 | 2018 | Nagpur |
| 33. | Kavita Ghorawat | 7491 | 2017 | Ichalkaranji |
| 34. | Veena Jain | 8094 | 2018 | Mumbai Kalbadevi |
| 35. | Sunita Maloo | 6370 | 2016 | Banglore |
| 36. | Antima Singhvi | 7033 | 2016 | Mumbai Vasi |
| 37. | Deepmala R. Khokhawat | 8377 | 2019 | Surat |
| 38. | Mahaveer Ranka | 8678 | 2019 | Mumbai Vasi |
| 39. | Khushboo Kothari (Pamecha) | 2643 | 2010 | Thane City |
| 40. | Sonam V. Jain | 7845 | 2018 | Surat |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41. | Gulabi Mehnot | 7415 | 2017 | Udasar |
| 42. | Rakesh Rakhecha | 8712 | 2019 | Uttar Howrah |
| 43. | Babita Kothari | 6597 | 2016 | Cuttack |
| 44. | Rekha Mehta | 6364 | 2016 | Banglore |
| 45. | Seema Saand | 7166 | 2017 | Chennai |
| 46. | Neetha Dhariwal | 7147 | 2017 | Banglore |
| 47. | Pushpraj Surana | 5773 | 2015 | South Howrah |
| 48. | Kusum Bhatewara | 2216 | 2010 | Chennai |
| 49. | Priyal Bohra | 7906 | 2018 | Udaipur |
| 50. | Sangeeta Babel | 4010 | 2013 | Banglore |
| 51. | Khushbu Talesara | 8365 | 2019 | Kankroli |
| 52. | Samita Bothra | 3602 | 2012 | Delhi (North) |
| 53. | Arvind Doshi | 8254 | 2018 | Ahmedabad |
| 54. | Anjana Ranka | 6853 | 2016 | Gangapur |
| 55. | Pushpa Pagaria | 8547 | 2019 | Thane City |
| 56 | Santosh Jain | 8357 | 2019 | South Howrah |
| 57. | Preeti Jain | 6361 | 2016 | Banglore |
| 58. | Shanta Bohara | 8189 | 2018 | Jhaknabad |
| 59. | Sarika Baid | 8131 | 2018 | Vijaynagar Banglore |
| 60. | Vanita Mehta | 2962 | 2010 | Thane City |

**PYPR 2024 (Previous Year Pending Result of 2023) Tatwagyan**

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Vishakha Daftari | 6344 | 2016 | Ahmedabad |
| 2. | Reeta Jain | 7887 | 2018 | Indore |
| 3. | Manisha Giria | 6478 | 2016 | Uttar Howrah |
| 4. | Sareeta Rakhecha | 8151 | 2018 | Uttar Howrah |
| 5. | Sujata Dugar | 6513 | 2016 | Uttar Howrah |

**PYPR 2024 (Previous Year Pending Result of 2022) Tatwagyan**

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Usha Nahar | 5062 | 2014 | Bangalore (G) |
| 2. | Preeta Sancheti | 7100 | 2016 | Vasai Palghar |

**PYPR 2024 (Previous Year Pending Result of 2021) Tatwagyan**

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ritu Ahuja | 5384 | 2014 | Ludhiana |

**Terapanth Darshan Pracheta Year V (Batch 2024)**

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Indira Dhing | 8654 | 2019 | Mumbai Bhayandar |
| 2. | Veena Mehta | 8107 | 2018 | Mumbai Vasi |
| 3. | Vijaya Mehta | 9117 | 2020 | Mumbai Vasi |
| 4. | Snehlata Pugalia | 8242 | 2018 | Tollyganj Kolkata |

**PYPR 2024 (Previous Year Pending Result of 2023) Terapanth Darshan**

| Sn. | Name | Reg. N. | Year | Exam Centre |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Madhu Dugar | 7266 | 2017 | Silchar |

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा सभी सफल परीक्षार्थी भाई-बहिनों को हार्दिक बधाई।

**आवश्यक दिशा निर्देश :**

- परीक्षा परिणाम व मार्कशीट सभी परीक्षा केन्द्रों में भेज दी गई है।
- यदि किसी परीक्षार्थी को रिचेकिंग (पुनः जाँच) करवानी हो तो 15 मई तक आवेदन कर सकते है। पुनर्मूल्यांकन शुल्क 250 रुपए है।
- आवेदन पत्र में अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर, रोल नंबर, वर्ष (कक्षा) लिखकर राष्ट्रीय संयोजिका के पते पर भेज सकते हैं- कुसुम बैंगानी, 233, वीर अपार्टमेंट, सेक्टर -13, रोहिणी, दिल्ली-85.
- वर्ष 2025 की परीक्षा हेतु प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।
- द्वितीय वर्ष तथा उसके ऊपर की कक्षा के परीक्षार्थी फॉर्म के साथ मार्कशीट की फोटो कॉपी संलग्न करें।
- फॉर्म व सिलेबस (पाठ्यक्रम) केन्द्र व्यवस्थापिका को पत्र द्वारा भेज दिए गए हैं।
- तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन/तत्त्वविज्ञ के मॉडल पेपर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- परीक्षा केन्द्र स्थापित करने के लिए कम से कम आठ परीक्षार्थियों के फॉर्म भेजना आवश्यक है। प्रत्येक फॉर्म के साथ 200/- रु. की शुल्क राशि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के पीएनबी, लाडनूं अकाउंट नंबर 10272011000350 में जमा करवाकर बैंक की स्लिप की फोटोकॉपी फॉर्म के साथ संलग्न करें। पाठ्यक्रम की पुस्तकें आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल, जैन विश्व भारती स्टॉल पर उपलब्ध है। जैन विश्व भारती, लाडनूं रोहिणी कार्यालय प्रभारी सुनील जी से भी सम्पर्क कर सकते हैं (7733888138)।

**तत्त्वविज्ञ पाठ्यक्रम**

- तत्त्वविज्ञ पाठ्यक्रम हेतु 15 मई , 2025 तक फॉर्म भर सकते हैं। प्रत्येक फॉर्म शुल्क 200/- रु. है।
- तत्त्वविज्ञ की परीक्षाएं 14 और 17 अगस्त, 2025 में आयोजित की जाएगी।
- जहाँ-जहाँ परीक्षा केन्द्र नहीं है, वहाँ के तत्त्वविज्ञ के परीक्षार्थी अपने अध्यक्ष व मंत्री के पते व फोन नंबर भेज दें तथा परीक्षा केन्द्र हेतु उनसे सम्पर्क में रहे।
- प्रशिक्षण हेतु व्हाट्सएप्प ग्रुप बने हुए हैं। सभी परीक्षार्थी उससे जुड़ने का प्रयास करें।

सम्पर्क सूत्र : निदेशिका- श्रीमती पुष्पा बैंगानी (9311250290),
राष्ट्रीय संयोजिका- श्रीमती कुसुम बैंगानी (8010139367).

## हार्दिक आभार

सम्माननीय तत्त्वज्ञ श्राविका श्रीमती रतनी देवी सुपुत्र श्री सुमति चंद जी-सुमन जी, योगेन्द्र-नीलम गोठी (मुम्बई-सरदारशहर) परिवार, जिनके विशेष सहयोग से तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन/तत्त्वविज्ञ पाठ्यक्रम का सुचारू संचालन हो रहा है।

---

# कैसे करें अनुपूर्वी?

**13-14 अप्रैल, 2025।**


अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में कैसे करें अनुपूर्वी दो दिवसीय कार्यशाला Zoom पर आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने नवकार महामंत्र के साथ कार्यशाला की शुरुआत की और कहा कि अनुपूर्वी करने से एकाग्रता बढ़ती है। हमारी दादी-नानी पहले अनुपूर्वी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करते थे लेकिन आजकल यह विधा प्रायः लुप्त हो गई है। इसी उद्देश्य के साथ आज अनुपूर्वी कैसे करें, कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद ने बताया कि जप में मन को स्थिर करने के लिए अनुपूर्वी की रचना की गई है। इससे आरोग्यता, एकाग्रता, प्रसन्नता प्राप्त होती है। इसमें 6 माह तप का लाभ मिलता है। अनुपूर्वी छोटी किताब में मिलती है, जिसे हजारों-हजारों लोग सुबह गुनगुनाते हैं पर अंगुलियों पर अनुपूर्वी जपना बहुत कम लोगों को आता है। अंगुलियों पर पंच परमेष्ठा की आराधना करने से मन स्थिर रहता है। यह निर्जरा व स्वाध्याय का उत्तम साधन है। पूर्व अध्यक्ष ने चार प्रकार की अनुपूर्वियों के बारे में बताया- (1) अनुपूर्वी, (2) अनानुपूर्वी, (3) नवपदों की अनुपूर्वी, (4) धम्मो मंगलमुक्किट्ठं की अनुपूर्वी, जिसमें अनुपूर्वी के बारे में अंगुलियों पर विस्तार से बताया। दूसरे दिन मंत्र जप कैसे करें, कब करें, कौनसे स्थान पर करें, किस समय नहीं करें व कौन से आसन में, कौनसी माला से करने से ज्यादा फायदा होता है बताया। लोगस्स का वर्षीतप एवं पैंसठिया जप के बारे में भी बताया। कार्यशाला का संचालन रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा ने किया।

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## मई, 2025

**सन्दर्भ पुस्तक : तेरापंथ की 9 साध्वी प्रमुखाएं (पेज संख्या 294 से 315)**




### निम्न प्रश्नों के उत्तर दें

1. साध्वीप्रमुखा अमृत महोत्सव पर आचार्यश्री महाश्रमणजी द्वारा उन्हें कौनसा अभिनंदन ग्रंथ उपहृत किया गया?
2. श्रीडूंगरगढ़ की श्राविका सिरेकंवर देवी छाजेड़ ने कितने वर्ष की उम्र में यह संकल्प किया कि सत्तर वर्ष की अवस्था के बाद वे न अन्न खाएंगी, न पानी पिएंगी?
3. अक्षय तृतीया पर परमपूज्य आचार्यप्रवर ने शासनगौरव साध्वीश्री पन्नाजी को कौनसा संबोधन दिया?
4. आचार्यश्री महाश्रमणजी एवं साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की दीक्षा पर्याय में करीब कितने वर्ष का फासला है?
5. आचार्यश्री तुलसी ने साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी को 'महाश्रमणी अलंकरण' कहाँ पर दिया गया?
6. परमाराध्य गुरुदेवश्री तुलसी ने अपने जीवन काल में कितनी साध्वीप्रमुखाओं की नियुक्ति की?
7. सजोड़े कौनसी वयोवृद्धा साध्वी ने दीक्षा ली जिनके जोड़ायत का नाम मुनि अगरचन्दजी था? साध्वीश्रीजी का नाम लिखें।
8. साध्वी सजनांजी को कुल कितने दिन का संथारा आया, जो तेरापंथ धर्मसंघ में एक कीर्तिमान है?
9. साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी को लाडनूं में संघ की महानिदेशिका के रूप में कौनसे आचार्य के द्वारा नियुक्त किया गया।
10. अमृत महोत्सव के भव्य कार्यक्रम में आचार्यवर ने साध्वीप्रमुखाश्रीजी को कौनसे संबोधन से सम्मानित किया?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. जैन धर्म में संथारा- संलेखना पूर्वक................. का समापन करना साधक जीवन की उपलब्धि माना गया है।
12. तेरापंथ धर्मसंघ आचार्य केन्द्रित ऐसा ........................ है, जिसकी छांव तले हर बीज फलवान और मूल्यवान बन जाता है।
13. महासती ................... से प्रारंभ हुई साध्वीप्रमुखाओं की परंपरा में धर्मसंघ को सर्वाधिक लंबे समय तक सेवा दने का सौभाग्य साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी को मिला।
14. शलाकापुरुष आचार्यश्री तुलसी के पचहत्तरवें वर्ष के उपलक्ष्य में ......................... वर्ष की समायोजना की गई।
15. एक योग्य साध्वीप्रमुखा का मिलना धर्मसंघ के लिए और साध्वी समुदाय के लिए .................... और महत्वपूर्ण बात होती है।
16. अनुभवप्रवण साध्वीप्रमुखा का साथ में रहना, .......................... में चार चाँद लगाने जैसी बात हो जाती है।
17. लगभग ................ हजार कि.मी. से अधिक यात्रा करने वाली।
18. अंतरात्मा के जागरण का संबंध ................ जगत से होता है। वहाँ कब जागृति का सूर्य उदित हो जाए, कहा नहीं जा सकता।
19. मेरा जीवन : मेरा दर्शन के रूप में गुरुदेव की ......................... के जो खंड प्रकाशित हुए हैं, उन्हें अच्छी तरह से पढ़ने से गुरुदेव तुलसी के बारे में काफी जानकारी मिल सकती है।
20. आठवीं साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने साधिक ..................... वर्ष तक साध्वी समाज की सेवा का अवसर प्राप्त कर स्वर्णिम कीर्तिमान बनाया।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक
Mob.: 9438368264, E-mail: luniaindira@gmail.com

Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 मई, 2025

Google Form Link : https://forms.gle/6irYfMQQMo6o5Ya46

आर्थिक सहयोग हेतु विशेष आभार श्रीमती मोहिनी देवी-स्व. श्री बालचंद जी, मीताजी, जयसिंह जी चोरड़िया परिवार (बीदासर-मुम्बई)

### अप्रैल, 2025 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. सहिष्णुता | 2. नया मोड़ | 3. नेमीचन्दजी जैन | 4. पचास हजार | 5. डॉ. सरीन |
| 6. मुनिश्री हेमराजजी | 7. बालिकाओं | 8. अट्ठानवें | 9. प्रेक्षायात्रा | 10. आचार्यश्री तुलसी |
| 11. अप्रमत्त | 12. मनोविज्ञान | 13. उपक्रम | 14. बौद्धिक | 15. संवर्द्धन |
| 16. श्रेष्ठतर | 17. गाँधीजी | 18. स्वाध्याय | 19. ज्योतिचरण | 20. तेजस्विता |

### अप्रैल, 2025 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. अमिता जैन, ग्वालपाड़ा | 2. अंजू गुजरानी, नोगांव | 3. चंदा चावत, चिखली |
| 4. गुलाब बच्छावत, विद्याधर नगर, जयपुर | 5. कंचन कोठारी, वसई वेस्ट | 6. मणि नाहटा, नॉर्थ दिल्ली |
| 7. रेखा धुपया, अहमदाबाद | 8. सोनम बाफना, चित्रदुर्ग | 9. सुमन सेठिया, हैदराबाद |
| | 10. टीना जैन, एरोली | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री कमल जी-श्रीमती सुधा बोथरा, गंगाशहर-जयपुर | 5,00,000 |
| 2. | तेरापंथ महिला मंडल, हिसार (भावना सेवा) | 51,000 |
| 3. | श्रीमती कविता आच्छा, हैदराबाद (भावना सेवा) | 31,000 |
| 4. | श्रीमान रंजीतसिंह-श्रीमती लीला देवी बरड़िया, चूरू-कोलकाता-तिरुपुर | 21,000 |
| 5. | गुप्तदान (भावना सेवा) | 11,000 |
| 6. | तेरापंथ महिला मंडल, कांकरोली (भावना सेवा) | 11,000 |
| 7. | श्रीमती मंजू देवी, श्रीमती संतोष वेदमूथा, हुबली (भावना सेवा) | 11,000 |
| 8. | श्री सम्पत लाल जी बैद की पुण्य स्मृत्ति में श्रीमती सुरेखा प्रकाश जी बैद बाईसी (भीनासर) (भावना सेवा) | 11,000 |
| 9. | तेरापंथ महिला मंडल, राजाजीनगर, बंगलूरू (भावना सेवा) | 11,000 |
| 10. | श्री धनपत जी - श्रीमती सरिता रांका, खुश्कीबाग, बिहार (भावना सेवा) | 11,000 |
| 11. | श्री संजय जी - श्रीमती शोभा बैद द्वारा दोहित्र (श्रीमती पूजा-श्री सौरव नाहटा के पुत्र रत्न) प्राप्ति के उपलक्ष्य में राजगढ़-तिरुपुर (भावना सेवा) | 11,000 |
| 12. | तेरापंथ महिला मंडल, कोटा (भावना सेवा) | 5,100 |
| 13. | तेरापंथ महिला मंडल, हांसी (भावना सेवा) | 5,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**

महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

देखने हेतु
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**

कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com